श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 305 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 21 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## स्पेशल वीडियो कैमरे पहन घेराबंदी करेगी खाकी, रहेगा सबकुछ लाइव

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एक जुलाई से हुए कानून में बदलाव के बाद मध्यप्रदेश पुलिस अब करीब 1200 बॉडी वॉर्न कैमरे खरीदने जा रही है। पहले से मौजूद ऐसे कैमरों का अब तक केवल ट्रैफिक पुलिस चालानी कार्रवाई के दौरान इस्तेमाल करती रही है। अब नए कानून के तहत हर दबिश या सर्चिंग की वीडियोग्राफी भी जरूरी की गई है। इसलिए बॉडी वॉर्न कैमरे इस नई व्यवस्था में ज्यादा मुफीद होंगे। पुलिस की दबिश की कार्रवाई कंट्रोल रूम पर अफसर लाइव देख सकेंगे। इसके लिए 600 लाइव स्ट्रीमिंग कैमरे और 600 ऑफ लाइन कैमरे खरीदे जाएंगे।यह भी सामने आया है कि पुराने कैमरों के लैंस जल्दी टूट जाते हैं, पिक्चर क्वॉलिटी कमजोर है, स्टोरेज भी कम है। डीआईजी एसएएफ सेंट्रल जोन अमित सांघी ने बताया कि इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर ही नए बॉडी वॉर्न कैमरे खरीदे जाएंगे। 1200 बॉडी वॉर्न कैमरे प्रदेश के सभी जिलों में उनकी जरूरत के आधार पर बांटे जाएंगे।

कुछ वर्ष पूर्व उज्जैन के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक आते थे हर महीने मंदसौर, अब....

## आबोहवा में कितनी धूल व रसायन, जांच में आंच नहीं..!

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जुलाई और अगस्त का माह बारिश का मौसम कहलाता है। लेकिन इन दोनों माहों में वर्तमान में उमस और प्रदूषण बरकरार दिखाई देता है। पूर्व में उज्जैन से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक व अन्य कर्मचारी मंदसौर आकर शहर की आबोहवा जांचते रहे हैं। यह जांच की जाती रही है कि शहर की आबोहवा में कितनी धूल है और कितने खतरनाक रसायन घुल मिल रहे हैं। वर्तमान में हालत यह है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जांच कहां की जाती है, किसी को मालूम नहीं है। प्रदूषण बोर्ड का कार्य ही यही है कि शहर के प्रदूषण के मानकों को स्थिर बनाकर रखें, लेकिन जांच पर आंच नहीं आ रही है। प्रदूषण बोर्ड के नुमाइन्दे कब आते हैं और कब जाते हैं, इसकी खबर किसी को नहीं है। यह भी माना जा सकता है कि गुपचुप ही आबोहवा का संधारण किया जाने लगा है। जबकि उसमभरे माहौल में देखा जाए तो यह प्रतीत तो जरूर होने लगा है कि मंदसौर शहर के वातावरण में खतरनाक धुल और खतरनाक रसायन जरूर है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि शहर में दोपहिया और चार पहिया वाहनों की संख्या भी अत्यधिक होती जा रही है। हालांकि, इन वाहनों की भी जांच के लिए प्रदूषण जांच केंद्र खुले हुए हैं, जिनमें कितनी जांचें होती है, इसकी भी किसी को अता–पता नहीं रहता है और न ही इसकी कोई रिपोर्ट जारी की जाती

### प्रदूषण बोर्ड के नुमाइन्दे कब आते और कब जाते, किसी को नहीं पता

रही है। परिवहन कार्यालय के नुमाइन्दे भी इस संबंध में बेपरवाह नजर आ रहे है।

बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व ही उज्जैन से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक व अन्य कर्मचारी बकायदा हर माह मंदसौर शहर आकर प्रदूषण की जांच करते रहे हैं। प्रदूषण जांचने के कई पाइन्ट भी निर्धारित बोर्ड की ओर से हैं, लेकिन यह पाइन्ट कहां–कहां है, यह भी सार्वजनिक नहीं हो पाया है। पूर्व में शहर की आबोहवा चेक की जाती रही है। यानी वातावरण में कितने खतरनाक रसायन हैं तथा कितनी धूल आदि है, इसकी जांच की जाती रही है। बता दें कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ऐसा स्थान भी परखना होता है, जहां से जांच रिपोर्ट ठीक ठाक बैठ सकती है। पूर्व में शहर के मध्य भाग को चुना गया, जो नगर पालिका कार्यालय चिन्हित हुआ था। तब कई बार नगर पालिका कार्यालय की छत पर मशीन रखी गई और इस मशीन से शहर की आबोहवा फिर में घुले रसायनों को चेक किया जाता रहा है। यह जांच अब किसके द्वारा और कहां की जा रही है, इसकी जानकारी अज्ञात में बनी हुई है।

**एक बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नेबना दी थी गलत रिपोर्ट**–एक बार पूर्व में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंदसौर शहर की आबोहवा की गलत रिपोर्ट पेश कर दी थी। तब मंदसौर को खतरनाक झोन की श्रेणी में लाया गया था। जांच जब इस पर ऊंगलियां उठी तो फिर से चेक किया गया। तब नौसिखियों और लापरवाह रहे पूर्व के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट को बगैर धरातल का मुआयना किए ओके बताया था। जब इसकी रिपोर्ट आई थी तो एकाएक किसी भी बुद्धिजीवि व्यक्ति को इसका विश्वास नहीं हुआ था कि मंदसौर की आबोहवा इतनी खतरनाक है कि प्रदेश में वह नंबर वन पर आ गया है। कई शंकाएं उठी थी, लेकिन रिपोर्ट तो रिपोर्ट थी, जो सरकारी नुमाइन्दे ने बनाई थी।

**गांधी चौराहे पर अनगिनत निकलते हैं प्रदूषित वाहन**–बता दें कि जिस मध्य मार्ग को बोर्ड द्वारा चुना गया था, वह वैसे भी शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। यानी इस मार्ग पर वाहन इतने निकलते हैं कि उसक गिनती नहीं की जा सकती है। मंदसौर में वैसे वाहनों की संख्या भी बहुत ज्यादा हो गई है। उसमें भी गांधी चौराहा ही ऐसा पाइन्ट है जहां शहर के दो भागों के आने जाने का रास्ता है। ऐसे में जो फिल्टर पर जमीन धूल के हिसाब से वातावरण में कार्बन कितना है, उसकी जांच की जाती रही थी।

### मिलावटी पेट्रोल व डीजल बढ़ाते हैं कार्बन...

वातावरण में खतरनाक रसायनों का घुलने में सबसे ज्यादा समस्या मिलावटी पेट्रोल व डीजल की भी है। शहर में मिलावटी पेट्रोल एवं डीजल अक्सर मिलता है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मिलावटी ईंधन के चलते ही शहर की आबोहवा में कार्बन घुलना स्वाभाविक है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सबसे पहले पेट्रोल पम्पों की जांच करना चाहिए, ताकि रिपोर्ट सही बन सके। वैसे, शहर में जितने भी वाहनों को सुधारने वाले मेकेनिक हैं, वे बता सकते हैं कि मिलावटी ईंधन बिकता है या नहीं। उधर, क्रेंन एवं पिस्टर्न में आ दिन खराबी आने का कारण भी मिलावटी ईंधन है, जिसे मेकेनिक बताते हैं। इसेक लावा प्रदूषण जांच केंद्र पर कितनों द्वारा जांच करवाई जा रही है, इसे भी चेक किया जाना चाहिए। पेट्रोल पम्पों पर भी यह जांच कें रहता है। लेकिन, मजेदार बात यह है कि इस पर सख्ती नहीं बरती जाकर स्वेच्छिक जांच करवाने की बात बताई जा रही है।

## अवैध संचालित मदरसों पर शिक्षा विभाग की उदासीनता बरकरार

**मंदसौर 20 अगस्त, गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में बड़ी संख्या में मदरसों के अवैध रूप से संचालित होने के संदेह के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने लगभग सवा साल पहले प्रदेश भर में संचालित हो रहे मदरसों की जांच करने के लिए कहा था, लेकिन आयोग के निर्देश को स्कूल शिक्षा विभाग ने गंभीरता से नहीं लिया।

**आयोग की सख्ती के बाद विभाग सक्रिय**–जून में भोपाल में विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक में भी आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत 1755 मदरसों में 9417 हिंदू बच्चे पढ़ रहे हैं। नियमानुसार अभिभावकों की अनुमति भी प्रवेश के लिए नहीं ली गई। आयोग के तल्ख रुख के बाद विभाग सक्रिय हुआ। मदरसा बोर्ड ने श्योपुर के 56 अवैध मदरसों की मान्यता जुलाई में निरस्त की, पर बाकी जिलों में अभी तक जांच नहीं हो पाई है।

### स्कूल शिक्षा विभाग को करनी थी ये जांच...

✻ जांच में यह देखा जाना था कि मदरसों में हिंदू बच्चों की संख्या कितनी है। ✻ मदरसों में बच्चों को क्या पढ़ाया जा रहा है। ✻ जिन बच्चों के नाम लिखे हैं, वे सही हैं या झूठे। ✻ मदरसों का संचालन मदरसा बोर्ड और सरकार के नियमों के अनुसार हो रहा है या नहीं। ✻ मदरसों को अनुदान कहां से और कैसे मिल रहा है।

**इनका कहना**–मैंने मदरसों की जांच कराने के लिए कहा था, पर पता नहीं कि स्कूल शिक्षा विभाग क्यों नहीं करा रहा है। मदरसों का पाठ्यक्रम मांगा था, वह भी नहीं उपलब्ध कराया गया। मुख्य सचिव ने अपने लिखित उत्तर में मात्र इतना बताया है कि एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं। मदरसा बोर्ड के अधिनियम में साफ लिखा है कि यहां सिर्फ इस्लामिक धार्मिक शिक्षा दी जाएगी, फिर एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाने को लेकर संदेह बना हुआ है। इसकी भी जांच की जानी चाहिए।

**प्रियंक कानूनगो**
**अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग**

## सोयाबीन के ज्यादा दाम नहीं मिलने पर किसान ने नष्ट की फसल

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** किसान सोयाबीन के अच्छे भाव नहीं मिलने से नाराज हैं। गरोठ तहसील के देवरिया और दलौदा तहसील के राकोदा गांव के दो किसानों ने अपने खेत में खड़ी सोयाबीन की फसल पर रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया। किसानों ने इसका वीडियो बनाकर खुद ही सोशल मीडिया पर अपलोड कर अपनी पीड़ा बताई। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो किसान खुद अपनी सोयाबीन की फसल को रोटावेटर से नष्ट करवा रहे हैं। ये दोनों सोयाबीन की अच्छे भाव नहीं मिलने से नाराज हैं।

**देवरिया में 12 बीघा की फसल करी नष्ट**–गरोठ तहसील के देवरिया के किसान कमलेश पाटीदार ने अपनी 12 बीघा की सोयाबीन फसल पर रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया। किसान ने बताया, कुछ दिन पहले मैं सोयाबीन की फसल बेचने मंडी गया था, जहां मेरी फसल सिर्फ 3800 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से ही बिकी। उससे ज्यादा भाव मिलने की उम्मीद नहीं थी। इसलिए खुद ही 12 बीघा खेत में खड़ी सोयाबीन की फसल पर रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया।

**राकोदा में भी 5 बीघा किसान ने नष्ट की थी सोयाबीन फसल**–दलौदा तहसील के राकोदा के किसान नागेश्वर पाटीदार ने करीब 5 बीघा में लहलहा रही सोयाबीन की फसल पर रोटावेटर चलाकर नष्ट कर दिया। किसान ने 10 बीघा में सोयाबीन की फसल की बुआई की थी। वीडियो अपलोड कर किसान ने कहा है कि वह कई वर्षों से सोयाबीन की खेती कर रहा है। लेकिन आज के हालात में सोयाबीन की खेती करना घाटे का सौदा है।

**गत वर्ष 3600 से 3900 थे भाव**–पिछले वर्ष की सोयाबीन का 3600-3900 रुपए प्रति क्विंटल का भाव रहा। इस भाव में लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। किसान का कहना है कि आज की परिस्थिति में सोयाबीन बोने से अच्छा है खेत को खाली रख दिया जाए ताकि खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहे। बीज बुआई से लेकर तमाम तरह की दवाइयों के छिड़काव और कटाई तक कि लागत किसानों को नहीं मिल पा रही है। मंडी में पिछले वर्ष सोयाबीन साढ़े 3 हजार रुपए क्विंटल बिकी थी। ऐसी खेती पूरी तरह से घाटे का सौदा होगी।

**जीतू पटवारी ने किया पोस्ट**–वीडियो सामने आने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि मंदसौर के गरोठ में चौंकाने और चिंता बढ़ाने वाला है। किसान कमलेश पाटीदार ने सोयाबीन की फसल पर इसलिए ट्रैक्टर चला दिया, क्योंकि फसल का भाव नफा के बजाय नुकसान का सौदा दे रहा था।

## मंदसौर में चाय बेचने वाले युवक की शामगढ़ के निकट सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**शामगढ़, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के जगतपुरा निवासी एक युवक की शामगढ़ के निकट बनी–कुरावन मार्ग पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। युवक मंडी गेट में चाय की दुकान संचालित करता था, जो राखी पर खड़ावदा में अपनी बुआ अथवा मामा के घर बाईक से जा रहा था। बताते हैं कि उसके पिता और माता का देहांत भी पूर्व में हो चुका है। पुलिस के अनुसार मंदसौर के मंडी गेट क्षेत्र में चाय की होटल संचालित करने वाले मयंक बैरागी उर्फ बंटी बाइक पर सवार होकर शामगढ़ के निकट अपनी भुआजी के यह जा रहे थे इसी दौरान बैकबक संतुलन बिगड़ने से हुई दुर्घटना में काल कवलित हो गया। बता दें कि शामगढ़ नगर के समीप गांव आशापुरा और बनी के बीच स्थित खतरनाक मुड़ाव है, यहां पर युवक मयंक बैरागी पिता किशोर दास बैरागी उम्र 32 वर्ष निवासी मंदसौर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। बाईक यहां बनी खाई में गिर गई थी। एम्बुलेंस से उसे अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंदसौर से परिजन शामगढ़ पहुंचे। शामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव भी अस्पताल पहुंची और परिजनों से मुलाकात कर शव को पोस्टमार्टम के बाद मंदसौर भिजवाने की व्यवस्था की।

गिफ्ट के बहाने खरीदारी करने आया था बदमाश, मौका पाकर की थी वारदात...

## राखी के दिन 70 नग सोने की नथें उड़ाने वाला बदमाश धराया

**नारायणगढ़ के शिवम ज्वेलर्स दुकान पर हुई थी घटना, चोरी गया मशरूक बरामद**

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ नगर के सुभाष चौक में स्थित शुभम ज्वेलर्स दुकान पर राखी के दिन दोपहर में 70 नग सोने की नथें चुराने वाला एक बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया है। बदमाश ने गिफ्ट खरीदने का बहाना बनाकर दुकान पर गया था और सोने के टॉप्स और बालियां दिखाने को ज्वेलर्स संचालक को कहा। जब संचालक सुधीर मूंदड़ा अन्य कार्य करने लगा था तब, बदमाश ने मौका पाकर सोने की नथों से भरी डिब्बी को गायब कर दिया। यह घटना सीसीटीवी केमरे में भी दर्ज हुई थी।

पुलिस के अनुसार शुभम् ज्वेलर्स के संचालक सुधीर पिता विश्वंभर मूंदड़ा 45 वर्ष निवासी जोशी गली नारायणगढ़ ने शिकायत की थी कि 19 अगस्त को दोपहर करीब पौने तीन बजे एक व्यक्ति आया और गिफ्ट देना है, इसलिए सोने के टॉप्स और बालियां दिखाने को कहा था। मैंने जेवर दिखाए थे। इस दौरान मैं पीछे मुड़कर अन्य कार्य करने लगा तब अंदर रखी डिब्बी को उसने गायब कर दिया। डिब्बी में शुभम ज्वेलर्स लिखा था तथा उसमें 70 नग सोने की नथें थी, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 75 हजार रूपए आंकी गई थी। मामले को देखते हुए पुलिस ने पतारसी के लिए टीम गठित की। मंगलवार को मुखबीर सूचना मिली, जिस पर आरोपी सरवर हुसैन पिता युनूस हुसैन 62 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 17 हुसैन टेकरी खेड़ाखेड़ी थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी सरवर हुसैन के कब्जे से 25 ग्राम वजनी कुल 70 नग सोने की नथें बरामद की गई। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## शहर में रुक नहीं रहा बाईक चोरी का सिलसिला

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में वाहन चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन बाईक चोरी होने के समाचार मिल रहे हैं और पीड़ित कोतवाली तो कभी नई आबादी तो कभी यशोधर्मन नगर थाने जाकर शिकायत दर्ज कराते रहे हैं। बाईक चोरी की अत्यधिक घटनाएं कोतवाली क्षेत्र में हो रही रही है। बाजवूद इसके कोतवाली के होनहार की कोई सक्रियता दिखाई नहीं दे रही है। कहने को पतारसी की बातें दोहराई जाती है, लेकिन लम्बे समय से कोतवाली के हाथों बाईक चोर गिरोह तो ठीक एक बाईक चोर भी नहीं पकड़ाया है। ताजा मामले में हाल ही में दो बाईक चोरी हुई, जिसमें एक बाईक बस स्टैंड के पीछे हुई। यहां बाईक क्रमांक एमपी 14 एमजेड 3214 को बदमाश चुरा ले गया, जो सीसीटीवी केमरे में भी कैद हुआ।

## मेडिकल कॉलेज में सीटों को लेकर हलचल

### अगले सत्र से 150 सीट की उम्मीद

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर मेडिकल कॉलेज में अगले सत्र से सौ सीटें बढ़ जाएगी। दरअसलप्रदेश में 2025 में 5 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है। बुदनी, मंडला, श्योपुर, सिंगरौली और राजगढ़ में नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाने हैं। इन सभी में 150 सीटें रहेंगी। इस तरह प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 750 सीटें बढ़ जाएंगी। सरकारी स्कूल से पढ़े विद्यार्थियों के लिए हर श्रेणी में 5 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला के अनुसार, अगले सत्र तक इन कॉलेजों को तैयार होने की उम्मीद है। अधिकारियों के मुताबिक मंदसौर, नीमच और सिवनी मेडिकल कॉलेजों को 50-50 सीटों पर इस सत्र से अनुमति मिल गई है। इनमें भी अगले सत्र से 100-100 सीटें बढ़ाने की तैयारी है। इस तरह देखें तो 1050 सीटें बढ़ जाएंगी। अभी 13 ऑटोनॉमस और 4 सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं। इन्हें मिलाकर कुल 22 मेडिकल कॉलेज सरकारी कोटे वाले हो जाएंगे।

भवानीमंडी ले जाने की थी योजना, इसके पूर्व मुखबीरी में पकड़ाए...

## 320 ग्राम एमडी ड्रग व 184 ग्राम अफीम बरामद, दो युवक गिरफ्तार

**धमोतर थाने के चौकड़ी के जीतू बंजारा ने दिया था मादक पदार्थ, वह फरार**

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा है, जिनके कब्जे से 320 ग्राम एमडी ड्रग एवं 184 ग्राम अफीम मिली। आरोपी यह मादक पदार्थ धमोतर थाने के ग्राम चौकड़ी निवासी जीतू बंजारा से लाए थे। मामले में जीतू को पुलिस ने सह आरोपी बनाया है, जो फरार है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर डिगांव-कचनारा मार्ग पर नाकाबंदी की गई। यहां बिना नम्बर की पल्स बाइक को रोका। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से बरामद थैली से 320 ग्राम एमडी ड्रग व 184 ग्राम अफीम मिली। दोनों के नाम बंटी पिता कारुलाल बंजारा 22 वर्ष एवं भूरालाल पिता लक्ष्मण बंजारा 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम हनुमंतिया थाना रिंगनोद जिला रतलाम हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि यह मादक पदार्थ चौकड़ी चौकड़ी निवासी जीतू पिता गोपाल बंजारा से लाए थे। बंटी की तलाशी में उसके पास 340 रूपए और भूरालाल के पास 110 रूपए व दोनों के पास मोबाईल मिला है। बताते हैं कि आरोपी मादक पदार्थ को भवानीमंडी ले जाने वाले थे, जो डिगांव से कचनारा होकर जाने वाले थे। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18, 50 एवं 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सीएम राइज स्कूल के बस ड्राईवर की ड्यूटी के दौरान मृत्यु

**मनासा, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के मनासा सीएम राइज स्कूल के बस ड्राइवर की मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। वह रोजाना की तरह बच्चों को लेने के लिए गांव में निकला था। जब वह बालागंज गांव के बस स्टैंड पर बस खड़ी कर बाहर बच्चों के बस में बैठने का इंतजार कर रहा था। तभी उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह खून की उल्टी करने लगा। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही महज दो मिनट में ही ड्राइवर ने दम तोड़ दिया।

तबीयत बिगड़ने के बाद लोगो की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। एम्बुलेंस को सूचना दी गई। मृतक ड्राइवर के शव को पोस्टमार्टम के लिए मनासा के शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बस ड्राइवर राधेश्याम पिता मोडीराम धनगर 42 वर्ष निवासी गागनियाखेड़ी तहसील मनासा का रहने वाला है। गौरतलब है कि मनासा सीएम राइज स्कूल की बस रोजाना ग्राम बालागंज, जामुनिया रावजी और अखेपुर से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को लेने आती है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने दुख जताते हुए ड्राइवरों के स्वास्थ्य परीक्षण करने और नियुक्ति के पहले हेल्थ हिस्ट्री देखने की बात कही है।

## राखी के दिन ट्रेन में चढ़ते समय मोबाईल चुराया

**नीमच, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच रेलवे स्टेशन पर राखी के दिन सुबह के समय ट्रेन में चढ़ते समय एक युवती के पास से मोबाईल अज्ञात बदमाश चुरा गया। पीड़ित के भाई ने इसकी शिकायत जीआरपी थाना नीमच में की। थाना पुलिस के अनुसार प्रम्बर पिता अरविन्द माहेश्वरी निवासी टीचर कॉलोनी ने शिकायत की कि उसकी बहन को वह मंदसौर–उदयपुर ट्रेन में चित्तौड़ के लिए बिठाने आया था। ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी बदमाश ने मोबाईल चुरा लिया। जीआरपी पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

किसान हो रहे थे चिन्तित, 1300 फीट पार हुआ गांधीसागर का जलस्तर...

## भादो की शुरुआत में बरसे बदरवा, कई जगह हुई वर्षा

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बारिश की देरी के चलते जिले के किसान और लोग परेशान नजर आ रहे हैं। हालांकि बारिश का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया। सावन के बाद भादो की शुरुआत राहत देने वाली रही। दोपहर में शहर की बात करें तो यहां खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई।

जहां अभिनंदन सहित कई क्षेत्रों में बारिश हुई तो आजाद चौक सहित शहर के मुख्य बाजार और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे। इसके बाद शाम को बूंदाबांदी के रूप में बारिश शुरु हुई। जो रुक रुककर चलती रही। जहां शहर के संजीत नाका क्षेत्र में तेज बारिश हुई, वहीं जनकूपुरा क्षेत्र में बारिश तेज नहीं हो सकी। इसके अलावा जिले में अन्य जगहों पर भी तेज बारिश हुई। नीमच में भी तेज बारिश से उमस और गर्मी से निजात मिली। मौसम जानकारों ने 21-22 अगस्त को तेज बारिश का अनुमान जताया है। बारिश से पहले तेज धूप और उमस भरी गर्मी बनी हुई है। जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बना हुआ है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार लो प्रेशर एरिया अभी भी एक्टिव है। यह सिस्टम अगले 2 से 3 दिन में आगे बढ़ेगा। इससे प्रदेश के कई जिलों में बारिश होगी। मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी भी बनी रहेगी।आईएमडी भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया कि 'साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम लो प्रेशर एरिया के रूप में बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। यह आगे बढ़ेगा। मानसून ट्रफ बीकानेर से सीधी होते हुए साइक्लोनिक सर्कुलेशन में मर्ज हो रही है। दूसरे सिस्टम भी एक्टिव हैं। इसके चलते मध्यप्रदेश में बारिश का दौर लौटेगा। जिले में मंगलवार सुबह तक ओवरऑल 21.86 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1300.18 फीट पहुंच गया है।

टीआई ने कहा–पति को छोड़कर गई थी महिला, बयान के लिए बुलाया नहीं आई, अब कर रही शिकायत...

## आरोप : शादी का झांसा देकर गुजरात ले गया, वहां दुष्कर्म के बाद बेचने की कोशिश

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व बाद में बेचने का आरोप महिला ने कयामपुर निवासी युवक पर लगाया। महिला ने बताया कि उसने मंदसौर एसपी कार्यालय, नारायणगढ़, नाहरगढ़ व मंदसौर महिला थाने पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, इसे उठाने के लिए नारायणगढ़ पुलिस दबाव बना रही है। महिला ने चेतावनी दी कि अगर मुझे न्याय नही मिला तो आत्महत्या करना पड़ेगी। इधर नारायणगढ़ टीआई ने महिला द्वारा झूंठी शिकायतें करने व पुलिस जांच में सहयोग नहीं करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ निवासी महिला ने आरोप लगाया कि मुझे कयामपुर निवासी हेमन्त ने करीब 8 माह पूर्व शादी का प्रस्ताव रखा, मेरे पहले पति का एक बेटा भी था। हेमन्त ने लिखापढ़ी कर मुझसे शादी कर ली। उसके बाद हेमन्त मुझे गुजरात लेकर चला गया, वहां जाने के बाद हेमन्त ने दुष्कर्म किया, वहां मुझे हेमन्त बेचना चाहता था, यह बात मुझे तब पता चली, जब उसके मोबाइल की कॉल रिकार्डिंग सुनी, वह मेरा सौदा करने की बात कर रहा था। बाद में मैंने जैसे-तैसे हेमन्त को समझाकर गुजरात से कयामपुर जाने के लिए राजी किया। हेमंत मुझे मंदसौर में लाकर छोड़ गया और मेरे पास रखी नकदी व जेवर भी ले गया। उसके बाद मैंने मंदसौर कोतवाली थाने पर थाने पर शिकायत दर्ज कराई, नारायणगढ़, नाहरगढ़ थाने के अलावा मंदसौर जिला पुलिस कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने कहा कि हेमन्त ने मेरे 10 वर्षीय बेटे का भविष्य भी खराब हो गया है। मैं न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हूं। न्याय नहीं मिलने पर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई तो शिकायत को उठाने के लिए नारायणगढ़ पुलिस द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। महिला आरोप लगाया कि मुझे बेचने की साजिश में हेमन्त की मां, दो मासी, मासा, मामा और उसके दो भाई व दो दोस्त भी शामिल है।

**टीआई का कहना– मर्जी से गई थी महिला**–नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी का कहना है महिला अपने पति को छोड़कर दूसरे व्यक्ति के साथ भाग गई थी, उस समय महिला के पति ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी, महिला को बयान लेने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नही आई। कुछ माह बाद भगा ले जाने व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई। शिकायत करने पर महिला को जांच के लिए बुलाया, लेकिन वह जांच सहयोग न करते हुए सीएम हेल्पलाइन पर झूंठी शिकायतें कर रही है। महिला की शिकायत पर मामले की विवेचना जारी है।

# श्री पशुपतिनाथ मनोकामना अभिषेक का हुआ समापन



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्रावण मास पर्यन्त चले श्री पशुपतिनाथ मनोकामना अभिषेक का समापन हुआ। अंतिम श्रावण सोमवार को 12 जोड़ों ने अभिषिक किया। अभिषेक श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के पूज्य आचार्य श्री विष्णुप्रसाद ज्ञानी के मार्गदर्शन में 39 बटूकों द्वारा सम्पूर्ण वैदिक विधान के साथ विशेष रूप से शिवमहात्म स्त्रोत के प्रत्येक मंत्र से कराया गया।

अभिषेक में मंदसौर जिले के अतिरिक्त रतलाम-राजस्थान के कोटा, उदयपुर, भीलवाड़ा प्रतापगढ़ आदि स्थानों से दर्शनार्थियों ने बड़ी श्रद्धा विश्वास के साथ अभिषेक किया। सम्पूर्ण श्रावण मास में 251 जोड़ों अर्थात कुल 500 के लगभग अभिषेकार्थियों ने अभिषेक किया। जिन्होंने भी अभिषेक में भाग लिया उन्होंने अपनी प्रतिकृपा में अपनी भावना प्रकट करते हुए समूह में अभिषेक करना विशेष आनन्द सुख की अनुभूति प्रकट की। अभिषेक में जहां पहले रविवार सोमवार को 3-3 पारियां करना पड़ती है। आराधना सभागार पुरा भरने के बाद नीचे के दोनों परिसर पूरे भर जाते थे। दो-दो, तीन-तीन पारियों में सैकड़ों अभिषेकार्थी 1 दिन में सम्मिलित होते थे वहीं इस बार सम्पूर्ण श्रावण मास में केवल 250 जोड़ों (500 अभिषेकार्थी) द्वारा अभिषेक में सम्मिलित होना जनचर्चानुसार मुख्य तीन कारण रहे है प्रथम प्रचार प्रसार की कमी, दूसरा प्रबंध समिति द्वारा अभिषेक से पूर्व नगर के सभी सामाजिक प्रमुखों की बैठक आहूत कर प्रत्येक समाज के लिये अभिषेक दिन नियत कर उन्हें 1 दिन पूर्व सूचना दे दी जाती थी परन्तु समाज जनो की बैठक आहूत नहीं की गई। तीसरा सबसे बड़ा कारण जहां कोरोना से पूर्व अभिषेक नि:शुल्क कराया जाता था परन्तु विगत 2 वर्षो से जहां 200 रू. की रसीद काटी जाती थी इस वर्ष बढ़ाकर एकदम 500 रू. कर दी गई। इससे आमजन के मन में प्रश्न यह उपस्थित हुआ कि पशुपतिनाथ दानपेटी में प्रतिमाह जब लाखों रूपये दान राशी प्राप्त होती है तो सम्पूर्ण भारत में भगवान पशुपतिनाथ की विशेष पहचान प्रतिष्ठित करने वाले मनोकामना अभिषेक जो या तो बिल्कुल नि:शुल्क होना चाहिये था या फिर 100 रू. शुल्क रखना था जिससे आमजन सम्मिलित हो सके। इस पर गंभीरता से गौर कर अगले वर्ष यथेष्टनिर्णय लेना चाहिये जिससे पूर्ववत मनोकामना अभिषेक की प्रतिष्ठा कायम है और अधिक से अधिक अभिषेकार्थी लाभ ले सके।

## पशुपालक अपने पशुओं को खुले में न छोड़े, जुर्माने की कार्रवाई होगी

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शासन निर्देशानुसार मंदसौर नगर के समस्त पशुपालकों से अपील की जाती है कि वे अपने पशुओं को सडको पर विचरण के लिये खुले में नही छोडे तथा अपने पशु को अपने बाडे में ही रखें अन्यथा 07 दिवस(एक सप्ताह) पश्चात पशुओं को पकडने की कार्यवाही होगी और सडको पर पशुओं के पाये जाने पर उन्हें पकडकर गौशालाओं में छोडा जावेगा। सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह ने यह भी बताया कि पशुओं के सडको पर खुले में पाये जाने पर पशुपालक से एक हजार रू तक की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की जावेगी। एक से अधिक बार जुर्माने की कार्यवाही होने पर पशुपालक के विरूद्ध नगर पालिका प्रकरण भी दर्ज कराएगी एवं वैधानिक कार्यवाही भी करेगी।

# नीमच मंडी को माडल मंडी बनाने की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें-कलेक्टर

### समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए



**नीमच, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** नीमच की कृषि उपज मण्डी को मॉडल मण्डी के रूप में विकसित करने और मण्डी का आधुनिकीकरण करने के संबंधमें कार्य योजना एवं प्रस्ताव तैयार कर 15 दिवस में प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में नीमच मण्डी सचिव को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मीं गामड, सभी एसडीएम एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए कि सभी प्रभारी अधिकारी एवं जिला अधिकारी अपने-अपने विभाग की टी.एल. का नियमित रूप से फालोअप करें और अगली टी.एल. के पूर्व कार्यवाही कर, प्रतिवेदन दर्ज करवाएं।

**छात्रवृत्ति का अविलंब भुगतान करें:-** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने आदिम जाति कल्याण विभाग व्दारा संचालित विभिन्नं छात्रवृत्ति योजनाओं में भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बजट आवंटन प्राप्त होते ही विद्यार्थियों को तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाईन में सभी विभाग अपनी रैंक सुधारे:-** बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी जिला अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी अपनी-अपनी सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें और आगामी टी.एल. के पूर्व अपने विभाग की रैंक में सुधार लाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाईन में उनकी विभाग की रैंक 10 से कम ना रहे।

**प्रस्तावित उद्योगो के लिए लैण्ड बैंक तैयार करें:-** बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं महाप्रबंधक उद्योग भविष्य में प्रस्तावित नवीन उद्योगो के लिए भूमि चिन्हित कर लैण्ड बैंक तैयार करें, जिससे कि औद्योगिक निवेश को बढावा दिया जा सके।

**दीनदयाल रसोई के लिए प्रस्ताव भेजे:-** बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिए कि वे आवश्यकतानुसार दीनदयाल रसोई प्रारंभ करने के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्रो के संचालन की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

**जीर्ण शीर्ण भवनों को चिन्हित करें:-** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सभी जिला अधिकारियों और एसडीएम को निर्देश दिए कि वे जीर्ण शीर्ण शासकीय भवनों एवं निजी भवनों को चिन्हित कर उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्यवाही के प्रस्ताव तैयार कर भेजे और ऐसे जीर्ण-शीर्ण भवन, जिनके बरसात मे गिरने की सम्भांवना हो, ऐसे भवनों को तत्काल डिस्मेंटल करने की कार्यवाही करें।

## नि:शुल्क आयुर्वेद व एक्युप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कल

**सीतामऊ, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** 22 अगस्त, गुरुवार को प्रात: 11 से सायं 5 बजे तक नगर परिषद हाल सीतामऊ में नि:शुल्क आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैद्य ओमप्रकाश देवासी एवं थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी।

इस शिविर में जर्मन टेक्नोलॉजी बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच करके बीमारियों का पता लगाकर देशी दवाइयों व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा, बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज, माइग्रेन, थायराईड, शुक्राणु की कमी, पीलिया, कोलेस्ट्रोल, हृदय रोग, स्वपन दोष, हाइट न बढ़ना, चर्म रोग, वजन का घटना व बढ़ाना आदि सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा। शिविर में निसंतान दंपति भी सम्पर्क कर सकते है। सीतामऊ एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से 22 अगस्त को आयोजित इस नि:शुल्क आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये मो.नं. 8003708162 पर सम्पर्क कर सकते है।

## मृत मवेशियों की हड्डी ठेका हेतु नीलामी 5 को

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मंदसौर द्वारा बताया कि जनपद पंचायत ग्रामीण क्षैत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में मृत मवेशियों की हड्डियों का ठेका वर्ष 2024-25 लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति 31 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवदेनकर्ता 5 सितंबर को दोपहर 1 बजे नीलामी में भाग ले सकेगें। 50 हजार रूपये की आर्नेस्ट मनी जमा कराने वाले व्यक्ति को ही बोली में शामिल किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जनपद पंचायत मंदसौर में सम्पर्क कर सकते है।

## कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में जारी निर्देश

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आम नागरिक कुंए के अंदर ना जाए क्योंकि कुंए की गहराई में कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे जहरीली गैस पाई जाती है, जिससे व्यक्ति तत्काल मूर्छित हो जाता है उसकी मृत्यु हो जाती है।

# बहनों ने पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर दशपुर इनरव्हील क्लब मंदसौर की बहनों ने यशोधर्मन पुलिस थाना पहुंचकर नागरिकों की सुरक्षा करने वाले पुलिस भाईयों को तिलक लगाकर व श्रीफल भेंटकर राखी बांधी व उन्हें मिठाई खिलाई। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उनकी और शहर की सुरक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने परिसर में परिवार जैसा अनुभव महसूस किया। क्लब अध्यक्ष मेघा पोरवाल ने बताया कि पुलिस हर समय शहर की बहनों की रक्षा करती है, वे भी हमारे भाई है। भाई-बहन के अटूट विश्वास व प्रेम का पावन पर्व रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संबंधों की प्रगाढ़ता को और अधिक सशक्त करता है। बहनों ने पुलिस कर्मियों से देश, समाज और राष्ट्र की सुरक्षा का वादा लिया। भारत माता को परम वैभव के पद पर आसीन करने का संकल्प दिलाया। साथ ही वचन लिया कि मातृ शक्ति को नारी सशक्तिकरण कर समाज के मुख्यधारा से जोड़कर सम्मान बढ़ाया जाए। क्लब सचिव सोनम मेहता ने बताया कि अधिकांश पुलिस के जवान जनता की रक्षा ड्यूटी में लगे रहने के चलते रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व के अवसर पर अपने घर नहीं जा पाते हैं। इसलिए दशपुर इनरव्हील क्लब की बहनों द्वारा उन्हें राखी बांधी गई। ट्रेजरार नेहा संचेती ने कहा कि हमेशा पुलिसकर्मी हमेशा तैनात रहते हैं. ऐसे में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर घर से दूर रहने पर कलाई सुनी नहीं रहे, इसलिए रक्षा सूत्र बांधकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी है। एडिटर सुरक्षा चौधरी ने कहा कि जो हमारी सुरक्षा में 24 घण्टे लगे रहते है उनकी कलाई पर हमारे द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया है। सभी पुलिस भाईयों ने राखी बंधवाई व खुशी जताई तथा वचन दिया कि वह बहनों व शहर की रक्षा के लिये सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मेघा पोरवाल, सचिव सोनम मेहता, एडिटर सुरक्षा चौधरी, ट्रेजरार नेहा संचेती दिव्या मारू सहित ग्रुप की सदस्याओं ने पुलिस भाइयों को राखी बांधी।

## पहेड़ा के ग्रामवासियों ने पंचायत में हो रही अनियमितता की शिकायत कलेक्टर से की



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ जनपद के गांव पहेड़ा के ग्रामवासी बडी संख्या में मंगलवार को मन्दसौर पहुंचे तथा वहां कलेक्टर के नाम का एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर राहुल जी चौहान को देकर निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि ग्रामपंचायत में लंबे समय से अनियमिताएं होरही है फर्जी बिल लगाकर बडी राशि निकाली जारही है स्वच्छता के नाम पर कादर खान के नाम से 48000 हजार रुपये निकाल लिए जबकि कादर खान को तो कुछ भी जानकारी नही है और नही मेने कोई पेमेंट ही लिया है ऐसे ओर भी कई घपले है जिनकी जांच होने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाकत मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कोहिनूर मेव, गोपाल भारती जिला कांग्रेस सचिव मुकरम शेख, अजय पाटीदार दीपक मालवीय मनोज गुर्जर शरीफ मंसूरी अरमान मुकर्रम शेख यूसुफ भाई अज़हर खान असलम सुनील अहिरवार शरीफ शाह सुमित मालवीय पिंकेश पाटीदार रवि गुर्जर पनकेश गुर्जर मांगी बाई फिरोज मंसूरी फारूक हामिद खान पप्पू वीरेंद्र डिगा अकरम पामणाआदि मौजूद थे।

# मप्र राज्य कौशल एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के अंतर्गत आने वाले 9 सामाजिक बोर्डों की संयुक्त प्रथम बैठक भोपाल में सम्पन्न हुई। भोपाल में एस.बी.एन. टावर एम.पी. नगर में आयोजित हुई बैठक में स्वर्णकला बोर्ड सहित 9 बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यगण शामिल हुए। स्वर्णकला बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) श्री दुर्गेश सोनी रेहटी, सदस्य अजय सोनी कॉलोनाइजर मंदसौर, भोलेशंकर सोनी जबलपुर, कमल सोनी रीवा एवं कमलेश सोनी सागर भी शामिल हुए। म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार इस बैठक में बोर्ड के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं युवा वर्ग की कौशल विकास के माध्यम से जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया।

कोशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के तत्कालीन सचिव सोमेश मिश्रा, स्वर्णकला बोर्ड सचिव श्रीमती उषा गुप्ता सहित अन्य कई अधिकारीगण भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए स्वर्णकला बोर्ड अध्यक्ष श्री दुर्गेश सोनी (रेहटी) ने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य स्वर्णकला के प्रोत्साहन एवं इससे जुड़े व्यवसायियों एवं कारीगरों के समग्र कल्याण व विकास के लिये कार्य करना है। स्वर्णकला बोर्ड सदस्य श्री अजय सोनी कॉलोनाईजर ने कहा कि स्वर्णकला बोर्ड का गठन जब से हुआ है तब से यह बोर्ड स्वर्णकाल समाज के हितों के लिये लगातार प्रयत्नशील है। आगामी समय में बोर्ड म.प्र. शासन की जो भी जनकल्याणकारी योजनाये है उनका लाभ समाजजनों को मिले इसके लिये और अधिक प्रयास करेगा। बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यगण पूरे म.प्र. का दौरा कर स्वर्णकार समाज को स्वर्णकला बोर्ड के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा एवं समाज के हितों के लिए लगातार काम करेगा। बैठक का संचालन स्वर्णकला बोर्ड सचिव श्रीमती उषा गुप्ता ने किया व आभार प्रकाश अय्यर ने माना।

## जिले में अब तक 555.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 555.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 2.4 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0 मि.मी., सीतामऊमें 12.4 मि.मी. सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 0.8 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंडका में 0 मि.मी., शामगढ़ में 14.2 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 387.0 मि.मी., सीतामऊमें 551.2 मि.मी. सुवासरा में 661.2 मि.मी., गरोठ में 568.9 मि.मी., भानपुरा में 545.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 393.0 मि.मी., धुधंडका में 505.0 मि.मी., शामगढ़ में 847.6 मि.मी., संजीत में 475.0 मि.मी., कयामपुर में 542.3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 631.7 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1300.18 फीट है।

## आर्य समाज द्वारा 24 वर्षो से लगातार जारी है हवन

**टकरावद, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** आर्य समाज समिति टकरावद द्वारा पिछले 24 वर्षो से विश्व शांति एवं सुख समृद्धि के लिए प्रति वर्ष सावन के महीने में प्रति दिन स्वेच्छा से ग्रामीणों के घर पर हवन किए जा रहे हैं। विश्व शांति एवं सुख समृद्धि के लिए आर्य समाज समिति टकरावद द्वारा प्रतिवर्ष सावन माह में यज्ञ का आयोजन किया जाता है जिसका रक्षाबंधन (सावन सुदी पूर्णिमा) को समापन संपन्न हुआ जिसमें प्रतिदिन पारिवारिक यज्ञ होता है इस कार्यक्रम में पंडित लीलाधर जी शर्मा, राधेश्याम सेन, रामगोपाल पाटीदार, दशरथ पाटीदार (खड़पालिया) वेद प्रकाश त्रिवेदी, रामभजन लोहार, बाबूलाल पाटीदार सभी का प्रति वर्ष विशेष सहयोग रहता रहा है।

# श्री ऋषियानंद आश्रम पर मनाया श्रावणी उपाकर्म



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** तेलिया टैंक स्थित श्री ऋषियानंद आश्रम पर श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिन्होंने पहले से यज्ञोपवीत धारण कर रखा था उनको तथा जिन्होंने पहले कभी यज्ञोपवीत धारण नहीं किया था उन्हें यज्ञोपवीत धारण कराया गया। इस दौरान बताया कि यज्ञोपवीत धारण करना केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से इसका वैज्ञानिक महत्व भी है लघुशंका अर्थात पेशाब करते वक्त तथा दीर्घ शंका अर्थात शोच जाते समय दाहिने कान पर यज्ञोपवीत लपेटने से मूतेंद्री और गुदा इंद्री पर जोर नहीं पड़ता ऐसा चिकित्सा शास्त्र में बताया गया है। वैज्ञानिक दृष्टि से सर पर शिखा रखने तथा गले में यज्ञोपवीत धारण करने का बड़ा महत्व बताया गया है। सूर्य उपासना, गायत्री मंत्र आदि के द्वारा वैदिक विधान से समस्त कर्म किए गए और हवन हुआ। हवन के पश्चात भगवान ऋषियानंद, गंगा मैया, स्वामी ब्रह्मानंद जी, आत्मप्रकाशजी के श्रीविग्रह का आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। समस्त वैदिक विधि विधान आचार्य पंडित कन्हैयालाल पंड्या, नरेंद्र पंड्या द्वारा कराए गए। योग गुरु बंसीलाल टांक, श्यामलाल जोशी, गोपाल गेंदर, कन्हैयालाल सोनी, कन्हैयालाल गोठवाल आदि सम्मिलित हुए।

## भूमि आवंटित करने में आपत्ति 27 तक करें प्रस्तुत

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** तहसीलदार तहसील मल्हारगढ़ द्वारा बताया गया कि आवदेक अंकुश शर्मा बॉस कुंवारी नरसिंहपुर द्वारा ग्राम गोगरपुरा तहसील मल्हारगढ़ के सर्वे क्रं. 405/10 रकबा 7.910 हें. भूमि दुधी प्रोजेक्ट योजना के लिये भूमि आबंटन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। भूमि आबंटन संबंधी प्रकरण न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो प्रकरण नियत पेशी दिनांक 27 अगस्त 2024 तक स्वयं अथवा किसी वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

# संस्कृति, समाज व देश की रक्षा का संकल्प पर्व...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** भारतीय संस्कृति में उत्सवो का अनादिकाल से ही महत्व रहा है। भारत मे मनाए जाने वाले उत्सवो में सभी धर्म के लोग आदर के साथ सहभागी होकर मनाते है। भारत मे उत्सवो का संबंध किसी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र से न होकर समभाव से है। यंहा मनाए जाने वाले सभी उत्सवो के पीछे का भाव मानवीय गरिमा को सम्रद्धि प्रदान करना होता है। श्रावण मास का गरिमामय समापन श्रावणी पूर्णिमा से होता है जिसे रक्षा बंधन उत्सव के रूप में जाना जाता है। रक्षा बंधन रक्षा सूत्र बांधने का उत्सव है वह रक्षा सूत्र जिसमे न केवल मंत्रो की शक्ति निहित होती है बल्कि भावनात्मक और आत्मीय बल भी होता है। रक्षा बंधन उत्सव हमारी आस्था व विश्वास का प्रतीक है। रक्षा बंधन उत्सव का ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और राष्ट्रीय महत्व है। रक्षा बंधन पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता को बनाए रखने का भाव जगाने वाला उत्सव है। बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है प्यार की डोर से संसार बांधा है। इस लोकप्रिय गीत की इन दो पंक्ति में रक्षा बंधन के महत्व का वर्णन किया है। रक्षा बंधन भाई-बहन को भावनात्मक रूप से जोड़ता है। रक्षा बंधन हमारे देश में भाई बहनो के बीच स्नेह के अटूट बंधन और विश्वास का उत्सव हे। विश्व का शायद ही कोई देश हो जिसमे भाई और बहन के मध्य इस अनोखे और प्यारे संबंध को इतने अच्छे तरीके से अभिव्यक्त किया गया हो। भगवान कृष्ण ने जब शिशुपाल का वध किया था तो उनकी उंगली में चोट आ गई थी तब द्रोपदी ने अपना चीर फाड़कर श्रीकृष्ण की कलाई पर बांधा था इसी के प्रतिफल में चीरहरण के समय श्रीकृष्ण ने चीर बढ़ाकर द्रोपदी की रक्षा की थी। बहनो द्वारा भाइयो को रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा यंही से प्रारंभ हुई। आज के दिन बहन अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधकर जीवनभर अपनी रक्षा का अभिवचन लेती है। रक्षा बंधन के उत्सव में रक्षा नामक शब्द का उपयोग संरक्षण प्रदान करने से हे यह उत्सव केवल बहनो को भाईयो द्वारा रक्षा करने के वचन मात्र भर नही हे बल्कि रक्षा सूत्र समाज में अन्याय एवम अनुचित आताताइयो से कमजोर व निर्दोष मासूमो की रक्षा करने से भी संबंधित हे। इसी दिन पति द्वारा पत्नी का, व्यक्ति द्वारा प्रकृति का तथा सम्रद्ध समाज द्वारा दुर्बल व्यक्तियो के संरक्षण का वचन दिया जाता है। यह उत्सव हमारे प्राचीन वीर पुरुषो द्वारा देश, समाज और मातृशक्ति के संरक्षण करने के इतिहास का स्मरण कराता है। रक्षा बंधन के विषय में जो भी वैदिक व पौराणिक कथाएं प्रचलन में हे उनके साथ साथ यदि व्यवहारिक रूप से इस उत्सव के महत्व को रेखांकित किया जाए तो हम पाएंगे की यह उत्सव वर्ष में एक बार हमे रिश्तो के महत्व को न केवल समझाता हे बल्कि रिश्तो को निभाने के लिए आवश्यक कर्तव्यो का भान भी कराता हे। हम सभी श्रेष्ठ जीवन मूल्यो की रक्षा का व्रत ले। सशक्त, समरस एवम संस्कार सम्प्पन्न समाज ही किसी देश की शक्ति का आधार हो सकता है। रक्षा बंधन पर सभी भारतीय संकल्प ले कि धर्म, संस्कृति, समाज व देश की रक्षा हम सर्वस्व देकर भी करेंगे।



–गौरव सोनी, मंदसौर


दिनांक 21 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे-**

**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**प्रसिद्ध पंचमहापुरुष योग-भद्र**



✲ भद्र योग किसी जातक की जन्म कुंडली में बुध ग्रह मिथुन या कन्या राशि का होकर केंद्र (विशेषकर दशम भाव) में बैठा हो तब भद्र नामक योग का निर्माण होता है। इस भद्र योग में जन्म लेने वाले जातक तीव्र बुद्धि वाले, शीतल, विद्वान और सुखी होते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर 7024667840,8085381720


# दो दिवसीय अखिल भारतीय मीडिया कार्यशाला सम्पन्न

**भोपाल, 20 अगस्त गुरूएक्सप्रेस।** गलत सूचना के प्रसार से निपटने और शिक्षकों को आलोचनात्मक सोच कौशल से लैस करने के एक ठोस प्रयास के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और जन संचार विश्वविद्यालय (एमसीएनयूजेसी) ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय में एक दो दिवसीय अखिल भारतीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश से प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के 60 से अधिक शिक्षक प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डॉ के जी सुरेश, एबीआरएसएम केराष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख दर्शन भारती एवं अतिरिक्त महासचिव प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता, माता सरस्वती एवं माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को मीडिया परिदृश्य की व्यापक समझ प्रदान करना है। जिससे शिक्षक डिजिटल युग की जटिलताओं से निपटने में समाज का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकें। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में मीडिया की समझ, मीडिया प्रबंधन के लिए उपकरण और तकनीक, गलत सूचना और दुष्प्रचार को समझना और मीडिया के इस्तेमाल के नैतिक निहितार्थ सहित विभिन्न विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। स्वागत भाषण में एमसीएनयूजेसी की प्रशिक्षण निदेशक प्रो0 जया सुरजानी ने कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुय आधुनिक मीडिया की जटिलताओं से निपटने और इस ज्ञान को अपने छात्रों और समुदायों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए शिक्षकों को तैयार करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में एमसीएनयूजेसी के कुलपति प्रो0 के0 जी0 सुरेश ने गलत सूचना के प्रसार का मुकाबला करने और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा की शिक्षक हमारे युवाओं को डिजिटल युग की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने में अग्रिम पंक्ति की भूमिका में हैं। यह कार्यशाला उन्हें मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करने की दिशा में एक कदम साबित होगा।

श्री के0 जी0 सुरेश के साथ विशेषज्ञों का एक पैनल जिसमे दीपक शर्मा, डॉ0 रामदीन त्यागी, श्री गिरीश उपाध्याय, डॉ0 मनोज पटेल, श्री आशुतोष सिंह ठाकुर, डॉ0 पी0 शशिकला और दर्शन कुमार ने मीडिया साक्षरता पर अपनी बात रखते हुय विशेषज्ञता साझा किया। उनके योगदान ने प्रतिभागियों को मूल्यवान दृष्टिकोण और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला का समापन शिक्षकों से अपने पाठ्यक्रम में मीडिया साक्षरता को एकीकृत करने और छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के एक आह्वान के साथ हुआ। एबीआरएसएम और एमसीएनयूजेसी ने मीडिया प्रेमी और आम नागरिकों की एक पीढ़ी बनाने के प्रयासों में शिक्षकों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दर्शाया। एबीआरएसएम के अतिरिक्त महासचिव प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने अपने संबोधन में सामाजिक परिवर्तन लाने में मीडिया की भूमिका की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए। एबीआरएसएम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एबीआरएसएम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने अपने संबोधन में एबीआरएसएम की उपलब्धियों को साझा करते हुय कहा कि दो लाख से अधिक सदस्यों के साथ भारत में सबसे बडे शिक्षक संगठन के रूप में एबीआरएसएम कार्य कर रहा है। उन्होंने आधुनिक युग मे मीडिया के कार्यप्रणाली की समझ शिक्षकों में विकसित करने जिससे राष्ट्र एवं समाज को सशक्त बनाने के कार्य को बल मिले इसको लेकर अपने विचार रखे। कार्यशाला में मध्य प्रदेश से श्री आनन्द श्रीवास्तव नरसिहपुर, श्री विकासजी भोपाल से, रामचन्द्र लोहार मंदसौर से शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों के बीच सहभागिता प्रमाण पत्र का वितरण कार्यशाला की समाप्ति कर किया गया।

## अवकाश सूचना

**रक्षा बंधन पर्व होने के कारण दैनिक गुरु एक्सप्रेस का 20 अगस्त 2024 का अंक प्रकाशित नहीं हो सका। पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।**

✲ सम्पादक

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 9 | 2400 | 2610 |
| उड़द | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 1794 | 3411 | 4350 |
| गैहु | 1575 | 2650 | 3200 |
| चना | 25 | 5401 | 7251 |
| मसुर | 30 | 5000 | 6040 |
| धनिया | 130 | 4801 | 6801 |
| लहसुन | 11000 | 7500 | 23000 |
| मैथी | 160 | 4701 | 5600 |
| अलसी | 260 | 5401 | 5871 |
| सरसो | 53 | 5181 | 5244 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 35 | 8989 | 12000 |
| प्याज | 421 | 1200 | 3402 |
| कलोंजी | 3 | 11700 | 14601 |
| डॉलर | 3 | 4760 | 9000 |
| तिल्ली | 10 | 11281 | 11859 |
| मटरसुखी | 5 | 2900 | 5300 |
| असालीया | 13 | 8441 | 8700 |

# उप मुख्यमंत्री ने शाही सवारी में पहुंचकर भगवान पशुपतिनाथ की रजत प्रतिमा के दर्शन किए

**भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी में उप मुख्यमंत्री शामिल हुए तथा रथ को खींचा**



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान पशुपतिनाथ की सवारी के क्रम में आज शाही सवारी निकाली गई। भगवान पशुपतिनाथ पालकी में सवार होकर प्रजा को दर्शन देने के लिये निकले। भगवान पशुपतिनाथ की सवारी में आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा शामिल हुए। सवारी में सामिल होने के दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान पशुपतिनाथ शाही सवारी के रथ को अपने हाथों से खींचा तथा सवारी के साथ कुछ देर पैदल चले। सवारी के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अखाड़ा भी खेला। सवारी में सामिल होने से पूर्व भगवान पशुपतिनाथ का पूजन-अर्चन किया। पूजन मंदिर के पुजारी द्वारा करवाया गया। पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में ही सवारी प्रारंभ होने से पूर्व पुलिस विभाग द्वारा भगवान पशुपतिनाथ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके पश्चात भगवान पशुपतिनाथ नगर भ्रमण पर निकले। सवारी में पहली बार पुलिस बैंड भी शामिल रहा। इस दौरान लोक सभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एएसपी श्री गोतम सोलंकी अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।

# गौवंश की तस्करी के आरोपी को एक वर्ष की सजा

**नीमच, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** श्रीमान् अंकित जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा कंटेनर में वध किये जाने हेतु गौवंश की तस्करी करने वाले आरोपी नारू पिता मोहम्मद हुसैन, आयु-40 वर्ष, निवासी-ग्राम बोतलगंज, जिला-मन्दसौर (म.प्र.) को धारा 4/9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000रू. अर्थदण्ड, धारा 6/9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 06 माह के सश्रम कारावास व 5000रू. अर्थदण्ड एवं धारा 11डी पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत 50रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओ श्रीमती कीर्ति शर्मा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 08 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 28.10.2016 को दिन के 03:50 बजे मन्दसौर-नीमच फोरलेन स्थित ग्राम चल्दु के समीप स्थित पुलिया की हैं। पुलिस थाना जीरन में पदस्थ एसआई जोरसिंह डामोर को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर जिसमें कि वध हेतु गौवंश ले जाये जा रहे हैं वह नयांगाव से चल्दु होता हुवा मन्दसौर की तरफ ले जाया जा रहा हैं। मुखबीर सूचना पर से कार्यवाही करते हुवे एसआई जोरसिंह डामोर द्वारा मय फौर्स चल्दु पुलिया के समीप पँहुचे, जहाँ उन्हे मुखबीर द्वारा बताया हुवा कंटेनर आता हुवा दिखाई दिया, जिसको रोककर कंटेनर को खोलकर देखा तो उसमें 37 जीवित अवस्था तथा 3 मृत अवस्था में गौवंश/केडे बंद मिले थे। सभी गौवंश को कंटेनर में ठूंस-ठूंस कर बंद कर रखा था व भोजन-पानी-हवा की कोई व्यवस्था नहीं थी। कंटेनर को रोके जाने की कार्यवाही के दौरान आरोपी नारू हुसैन का साथी अकबर पिता मंजूर, आयु-36 वर्ष, निवासी-ग्राम बोतलगंज, जिला-मन्दसौर (म.प्र.) मौके से फरार होने में सफल हो गया। आरोपी नारू हुसैन के पास गौवंश परिवहन के कोई वैध दस्तावेज नहीं थे तथा उसके द्वारा पुछताछ में बतया गया कि वह सभी गौवंश को वध हेतु धुलिया (महाराष्ट्र) ले जा रहा था। पुलिस द्वारा सभी गौवंश व कंटेनर को जप्त कर व आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध पुलिस थाना जीरन में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई तथा आवश्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी अकबर के फरार रहने से उसकी गिरफ्तारी हो जाने के पश्चात् उसके संबंध में आवश्यक विवेचना उपरांत विचारण होगा। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में पुलिस फोर्स, पंचसाक्षी, विवेचक सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती कीर्ति शर्मा, एडीपीओ द्वारा की गई।

# स्कूल एवं आंगनवाड़ी के जीर्ण शीर्ण भवनों की सूची तुरंत प्रदान करें-कलेक्टर



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** साप्ताहिक जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने आम जनों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर निराकरण किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए की स्कूल एवं आंगनबाडी के ऐसे भवन जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, उनकी सूची बनाकर तुरंत भेजें। जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा लोगों की समस्याओं के मामलों को एसडीएम के माध्यम से तुरंत चेक करवाया गया। लोगों की समस्याओं को समाधान करने के लिए वीसी के माध्यम से ही सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को जोडकर जन समस्याओं का हाथों-हाथ निराकरण करवाया गया। जनसुनवाई में 48 आवेदकों ने दिया आवेदन। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

# विधायक जैन व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने गोगादेवजी की छड़ी की पूजा



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** विगत दिनों किटयानी डूपलेक्स के समीप स्थित इंदिरा कॉलोनी होली चौक में वाल्मीकि समाज के युवाओं के द्वारा गोगादेवजी की छडी स्थापित की गई तथा उनकी विधि विधन से प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है। यहां की छडी आयोजन समिति के द्वारा मंदसौर नगर के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को आमंत्रित कर उनसे छडी की पूजा कराई गई। इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि विधायक श्री विपिन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, संत श्री मिथिलेश नागर, जिला रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन श्री प्रीतेश चावला, भाजपा नेता विजय दुबेला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, समाजसेवी पं. रविन्द्र पाण्डेय, मानवेन्द्रसिंहजी, भगवानसिंह एडवोकेट, विनोद जाट का साफा बांधकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के पटेल मुकेश चनाल, समाज के चौधरी नरेश परमार, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के जीवन गोसर, वाल्मीकि समाज के प्रमुख ईश्वर गोसर, जीवन तंवर आदि का भी पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदसौर नगर की सभी 9 छड़िया एक ही स्थान पर एकत्रित की गई और सभी अतिथियों व समाजसेवियों के द्वारा इनकी पूजा भी की गई। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के संरक्षक प्रीतेश चावला, संतोष गोसर, विजय पंडित, मनीष घारू, जीवन घारू, कैलाश गोसर, दीपक कल्याणे, अजय घावरी आदि ने किया।

कार्यक्रम में विधायक श्री विपिन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने आयोजन समिति के द्वारा रखे गये छड़ियों के पूजन के कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता में सहायक है। आयोजन समिति के संरक्षक प्रीतेश चावला ने आयोजन समिति के युवाओं से आव्हान किया कि वे समाज की एकता के लिये इसी प्रकार कार्य करते रहे। कार्यक्रम में संतोष गौसर ने सभी अतिथियों के पधारने पर आभार प्रकट किया और कहा कि किटयानी डूपलेक्स इंदिरा कॉलोनी, होली चौक में प्रतिवर्ष छडी स्थापित की जाती है और प्रतिदिन इस छडी की पूजा होती है। आज जो आप सभी अतिथि हमारे बीच पधारे है उससे यहां के युवाओं में धर्म के प्रति नई चेतना जागृत होगी।

# आज होगा प्रख्यात इतिहासकार डॉ रघुवीर सिंह पर व्याख्यान और प्रान्त स्तरीय कवि सम्मेलन



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** प्रदेश के संस्कृति विभाग और मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के माध्यम से मंगलवार 20 अगस्त की शाम नगर पालिका सभागृह में सारस्वत आयोजन किया जा रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वान, पूर्व सांसद, सीतामऊ में स्थापित नटनागर शोध संस्थान संस्थापक महाराज कुमार डॉ रघुवीर सिंह पर व्याख्यान होगा। द्वितीय सत्र में इंदौर, शाजापुर, झाबुआ, मंदसौर, पिपलियामंडी आदि स्थानों के चुनिंदा श्रेष्ठकवियों द्वारा रचना पाठ होगा।

यह जानकारी कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक एवं वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, साहित्य अकादमी भोपाल के कार्यक्रम प्रभारी श्री राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से दी है। संयोजक डॉ घनश्याम बटवाल एवं श्री सिंह ने बताया कि इस अवसर पर मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी निदेशक डॉ विकास दवे विशेष रूप से शिरकत करेंगे। विशिष्टव्याख्यान राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त पुरावेत्ता एवं इतिहासकार, दशपुर प्राच्य शोध संस्थान निदेशक श्री कैलाश चंद्र पांडेय प्रदान करेंगे। कवि सम्मेलन में एकाग्र शर्मा ( इंदौर ) हिमांशु हिन्द ( झाबुआ ) धीरज चौहान ( इंदौर ) अमन जादौन ( शाजापुर ) पोरवाल मुकेश निडर ( पिपलियामंडी ) गोपाल बैरागी , नरेंद्र भावसार , डॉ नीलेश नगाइच नीलम सभी मंदसौर रचनाओं का पाठ करेंगे। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा मंदसौर में प्रथम सारस्वत आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये डॉ बटवाल , श्री सिंह , ब्रजेश जोशी , नंदकिशोर राठौर , नरेंद्र त्रिवेदी , चंदा अजय डांगी अजिजुल्लाह खालिद , संजय भारती , विकास भंडारी , डॉ स्वप्निल ओझा , सचिन पारिख , रवींद्र पांडेय , सत्येंद्र सिंह सोम ,विनोद मेहता, हरीश दवे , ब्रजेश सेन मारोठिया , शम्भूसेन राठौड ,सुनील बंसल , नरेंद्र धनोतिया , दिलीप सेठिया , राजेंद्र चाष्टा ,प्रदीप शर्मा ,महेश गर्ग , डॉ हिमांशु यजुर्वेदी , विजय सिंह पुरावत , दाऊविजयवर्गीय , अशोक त्रिपाठी , गायत्री प्रसाद शर्मा , आशीष मराठा लालबहादुर श्रीवास्तव चेतन व्यास सहित अन्य ने सफ़ल बनाने की संयुक्त अपील की है।



# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 45 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**नीमच, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट नीमच में जनसुनवाई करते हुए 45 आवेदको की समस्याए सुनी और उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश सम्बधित जिला अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा ने पिपलिया रावजी निवासी सीमा पति सुन्दरलाल, झांझरवाड़ा के सागरमल सौलंकी, डीकेन के राजेश कुमार बैरागी, पिपलिया गुर्जर के विजेन्द्रसिंह, पिपलोन के श्रीलाल मेघवाल, नीमच के पूर्व पार्षद अमित शर्मा, जवाहर नगर कीराखी मोतियानी, देवरी खवासा के संतोष कुमार, खजूरिया के रतनलाल, बामनिया के रमेशचन्द्रख, कबीर मार्ग बघाना के वीरेन्द्रल कुमार, बड़कुआ की तुलसीबाई, स्कीम नं-9 नीमच की जाहेदा खान, आंत्री बुजुर्ग के समरथ एवं भरभडिया के महेन्द्रसिह से भी उनकी समस्याए सुनी और उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश सम्बधित जिला अधिकारियों को दिए गये। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टोरेट में अनुपस्थित रहे जिला अधिकारियो को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए है। कलेक्टर श्री चंद्रा के निर्देशानुसार उपखण्ड कार्यालय जावद में एसडीएम श्री राजेश शाह, मनासा के एसडीएम श्री पवन बारिया एवं उपखण्ड अधिकारियों ने जनसुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया। इसके साथ ही तहसील रामपुरा टप्पा कुकडेश्वर एवं सिगोली में भी तहसीलदारों द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में तहसील एवं टप्पा स्तर पर पदस्थि विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने उपस्थित होकर क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया।

# बिजली उपकरण की रियल टाईम खपत का पता चलेगा मोबाईल एप से

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अब बिजली उपकरण की रियल टाइम खपत पता चलेगा। बिजली कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही आपके घर की पूरी बिजली मोबाइल एप से संचालित करेगी। इंटरनेट ऑफ थिंग्स यानी आइओटी तकनीक से हर उपकरण बिजली की अपनी खपत को एप पर बताएगा। ऊर्जा विभाग के एसीएस मनु श्रीवास्तव का कहना है कि बिजली आपूर्ति और नियंत्रण स्मार्ट तरीके से किया जा रहा है। बिजली ऐप से नियंत्रित होगी।

**ये देगी राहत**-आइओटी से नियंत्रित खपत में पीक ऑवर्स में उपभोक्ता ज्यादा खपत वाले उपकरणों को बंद कर लोड बैलेंसिंग अपने स्तर पर कर सकता है। बिजली की अनियमितता और खर्च का हिसाब मोबाइल ऐप से कर सकता है। बिल ज्यादा आ रहा, इस तरह के सवालों के जवाब आसानी से मिल जाएंगे।

## दो बाइक की भिड़ंत, 4 घायल

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** दो बाइक की भिड़त में महिलाओं सहित 4 घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर बड़े अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम मनासा मार्ग पर लूनाहेड़ा फन्टे पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें डेलवास (रतलाम) निवासी शीतल (37) पिता रुपसिंह व संगीता (35) पति शीतल मकवाना, लूनाहेड़ा निवासी सुरेशचन्द (65) पिता चतुर्भुज कुमावत व अमलावद निवासी रामकन्या (60) पति नागूलाल कुमावत घायल हो गए। सभी को पिपलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

## बाइक भिड़त, 4 घायल

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** बाइक भिडत में महिलाओं सहित 4 घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम मनासा मार्ग पर लूनाहेड़ा फन्टे पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़त हो गई। इसमें डेलवास (रतलाम) निवासी शीतल (37) पिता रुपसिंह व संगीता (35) पति शीतल मकवाना, लूनाहेड़ा निवासी सुरेशचन्द (65) पिता चर्तुभुज कुमावत व अमलावद निवासी रामकन्या (60) पति नागूलाल कुमावत घायल हो गए। सभी को पिपलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

# नपा परिषद के द्वारा शाही सवारी का स्वागत किया



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की शाही सवारी मंदसौर नगर में भगवान पशुपतिनाथ प्रात:कालीन आरती मण्डल के तत्वावधान में निकाली गई। इस शाही सवारी का मंदसौर नपा परिषद के द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। राजा गुलाब गेट के यहां नगरपालिका ने विशाल मंच लगाकर शाही सवारी में शामिल धर्मालुजनों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें फल भी बाटे। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर के नेतृत्व में नपा के पार्षदगणों के द्वारा यह स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपा सभापतिगण श्रीमती दीपमाला मकवाना, राजेश ग्वाला, पार्षदगण माया निलमचंद भावसार, भावना पमनानी, कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, विक्रम भैरवा, नरेन्द्र बंधवार, सुनीता गुजरिया, गरिमा भाटी, राकेश भावसार, दिलीप ग्वाला, कन्हैयालाल सोनगरा, महेन्द्र परिहार, राजेश गुर्जर, अशोक कर्नावट, सुशील तरवेचा, नपा कर्मचारीगण राजेन्द्र नीमा, विक्रम गायरी ने शाही सवारी पर पुष्पवर्षा की ओर शाही सवारी का स्वागत किया।

## दुर्घनाग्रस्त युवक की मृत्यु, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** गरोठ थाने के तहत अंसार नदी के समीप कुछ दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मृत्यु हो गई है। पुलिस के अनुसार युवक मुकेश पिता गोरधन मेघवाल 34 वर्ष निवासी पिपलिया जत्ती दुर्घटना के बाद से इंदौर अस्पताल में भर्ती था। लम्बे समय से उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने इसे ले जाने को कहा, इस दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम के बाद अन्य धारा बढ़ाकर जांच शुरू की है।

## पिता-पुत्रों पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज किया। हरमाला निवासी भेरुसिंह पिता बापूलाल मोगिया ने नारायणगढ थानान्तर्गत झारडा पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत पाती में बोने की बात पर गांव गेंदमल बावरी व उसके दोनों बेटे पुष्कर व दिनेश ने गाली-गलौज कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# नि: शुल्क परामर्श जांच एवं चिकित्सा शिविर कल

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर एवं पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवं सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निशुल्क परामर्श जांच एवं चिकित्सा शिविर 22 अगस्त 24 गुरुवार को गोपाल मिल परिसर प्रताप कालोनी पिपलिया मंडी में प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवम सामाजिक कल्याण समिति अध्यक्ष जगदीश व्यास ने बताया कि उक्त विशाल निशुल्क शिविर में 35 डाक्टरों की टीम सहित प्रसूति रोग विशेषज्ञ 3 महिला डाक्टर भी उपस्थित रहेगी। वही वरिष्ठ दंत चिकित्सकों द्वारा दांत संबंधित सभी बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जावेगा, दांत संबंधित इलाज हेतु हॉस्पिटल से वेन आएगी जिसमें वरिष्ठ दंत चिकित्सक उपस्थित रहेंगे और सभी प्रकार के दातों का इलाज करेंगे। वही नेत्र रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच मोतियाबिंद का ऑपरेशन लेंस सहित निशुल्क किया जाएगा, ऑपरेशन वाले मरीजों को उसी दिन अस्पताल की बस से ले उदयपुर ले जाया जाएगा, तथा आने जाने वह अस्पताल में रहने व मैरिज साथ रहने वाले का भी भोजन रुकना सब निशुल्क होगा। इसी के साथ नाक कान गला व बहरेपन का उपचार तथा हड्डी रोग में सभी तरह के ऑपरेशन कमर व घुटने के दर्द का उपचार भी किया जाएगा एवं वक्ष व क्षय रोग में टीवी सिलीकोसीस बीमारी का निशुल्क उपचार किया जाएगा।

# अवैध शराब के साथ धराए आरोपी

**पिपलियामंडी, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ पुलिस ने 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ पाल्यामारु निवासी अशोक पिता नाथूलाल को, 12-12 लीटर शराब के साथ पाल्यामारु निवासी नगीनाबाई व रोमा को, 10-10 लीटर शराब के साथ बासखेड़ी निवासी मांगीलाल पिता बद्रीलाल व शक्करखेड़ी निवासी विजय पिता जगदीश को, 6 लीटर शराब के साथ कुशालपुरा निवासी बाबूलाल पिता लाला को, 5 लीटर शराब के साथ मानखेड़ा रिंगनोद निवासी दिलीप पिता भगवान को, 18 क्वार्टर के साथ रामगढ निवासी नाथूलाल पिता वक्ता को, 12 क्वार्टर के साथ बडोद निवासी मोहनलाल पिता कारुलाल को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 16-16 क्वाटर के साथ चंदनखेड़ा निवासी लोकेन्द्र पिता भारतसिंह व लसुड़िया कदमाला निवासी मिट्ठु पिता हेमराज को, आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 अगस्त को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 अगस्त को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-* चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, * एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, * शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, * गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, * असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, * शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, * लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, * बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, * नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, * सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


# शहर ब्लॉक कांग्रेस ने स्व. गांधी की जयंती मनाई



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कर्यालय् पर आयोजीत शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी जी की जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गण व कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव जी के चित्र पर माला व पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी जी के किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव सोमिल नाहटा ,जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कान्तिलाल् राठौर, अजय लोढा, राजेश फरक्या, विजय सिंह सिसोदिया, रमेश सिंगार, वहिद जेदी, सुनीता बंडी, राजेंद्र सेठिया राजेश सोलंकी, सुनील गुप्ता, सादिक गोरी, राकेश सेन, रमेश ब्रिजवानी ,दशरथ सिंह राठौड, कचरमल जटिया, योगेंद्र गोड, इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालनप पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख ने किया व् आभार आईटी सेल नगर अध्यक्ष योगेंद्र गोड ने माना।


**उठावना एवं शोक निवारण**



हमारे काकाजी एवं पीयूष के दादाजी पूज्यनीय श्री प्रहलादजी गोयल( मिर्चीवाला) संरक्षक श्री नेमिनाथ अग्रवाल दिगम्बर जैन मंदिर का देहावसान दिनांक 19/08/24 सोमवार को हो गया है। जिनका उठावना 21 अगस्त बुधवार को प्रात: 11 बजे तथा शोक निवारण 11.15 बजे अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपूरा मन्दसौर पर रखा गया है।

*** शोकाकुल ***
राजकुमार, राकेश, सतीश गोयल एवम गोयल ( मिर्ची वाला)

*** संयुक्त उठावना ***

हमारे फूफाजी एवं स्व. चिमनलाल जी गर्ग , स्व. मोहनलाल जी गर्ग , स्व. प्रेमसुख जी गर्ग , स्व. ओमप्रकाश जी गर्ग के बहनोई श्री प्रहलाद जी गोयल (मन्दसौर वाले) का स्वर्गवास दिनांक 19.08.2024 सोमवार को हो गया है , जिनका संयुक्त उठावना आज दिनांक 21.08.2024 बुधवार को प्रात: 11:00 बजे अग्रसेन मांगलिक भवन, नृसिंहपुरा , मंदसौर पर रखा गया है।

*** शोकाकुल ***
भूपेन्द्रकुमार , ललितकुमार , मुरली मनोहर , गौरीशंकर , हेमन्त कुमार


# गायत्री परिवार ने भारतीय संस्कृति का श्रावणी पर्व मनाया



**मंदसौर, 20 अगस्त गुरू एक्सप्रेस।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंदसौर द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रत्येक कार्य को घर-घर पहुंचाने के साथ ही भारतीय संस्कृति को विज्ञान आधारित बनाते हुए श्रावणी महापर्व एवं पितृ तर्पण का कार्यक्रम भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप मां शिवना नदी घाट पर आयोजित किया गया।

गायत्री परिवार के प्रबंध ट्रस्टी नरेश त्रिवेदी द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ स्नान करते हुए पितरों को तर्पण करवाते हुए पूरे जीवन में जो कर्म किए हैं उसमें अच्छे कर्मों को और आगे बढ़ाने के लिए धृत, मिट्टी, शहद, हल्दी, भस्म, गोमूत्र एवं गोबर के द्वारा पूरे शरीर की शुद्धि की गई। साथ ही जीवन में बड़े संकल्प कराते हुए कहा कि वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने हमें इस विद्या से जोड़कर हमारे जीवन में ब्राह्मण स्थापित किया है। ब्राह्मण जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है यह सिद्ध करके दिखा दिया है। घर-घर यज्ञ घर-घर गायत्री मंत्र पहुंचाने वाले करोड़ों साधक गायत्री परिवार के इस कार्य लगे हुए हैं। केवल कर्मकांड ही नहीं करोड़ों लोगों की नशा एवं मांसाहार से मुक्ति के साथ उनके जीवन में नई स्थापना की है। यही संकल्प लेकर पूरे भारत के शक्तिपीठ एवं प्रज्ञापीठों पर श्रावणी पर्व हिमाद्रि संकल्प दिलाया जाता है। गायत्री परिवार के साधक की पहली शर्त होती है वह मृत्यु भोज, मांसाहार, नशे से दूर होकर साधना करते हुए परम पूज्य गुरुदेव का कार्यों को आगे बढ़ाता है। श्री त्रिवेदी ने आह्वान किया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना जन्मदिन एवं विवाह दिवस अवश्य मानना चाहिए। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी पवन गुप्ता इस कार्य को संभाले हुए हैं। दस सूत्री कार्यक्रम गायत्री परिवार के सतत चलाए जा रहे हैं यह कार्य आने वाले समय में परिवर्तन लाएगा। कर्मकांड के साथ व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आना चाहिए। गायत्री परिवार में जीवन परिवर्तन मनुष्य में देवत्व की स्थापना का संकल्प धरती को स्वर्ग बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी गायत्री परिवार के प्रवक्ता सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा दी गई।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी सद्दा कछावा पिता बिहारीजी निवासी ग्राम बोरखेड़ी जागीर, तहसील सीतामऊ, जिला- मंदसौर की मृत्यु दिनांक 09.06.2020 को हो चुकी है। इनका ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 14 एसी 8386 को इनकी पत्नी श्रीमती धापूबाई ने अपने नाम पर अंतरण दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये है।

इस प्रकाशन अवधि के सात दिवस में यदि किसी को आपत्ति हो तो इसे कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात वाहन श्रीमती धापूबाई के नाम से अंतरण कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in